महानगर लखनऊ–226006
फोन : 0522–2337452
फैक्स नं0: 0522–2337453
सीयूजी : 9454400167
Email:sec1pachq.lu@up.gov.in

# पीएसी मुख्यालय
## उत्तर प्रदेश

पत्रांकः पीएसी–1–152(2)-2024/3045
दिनांकः अक्टूबर 30 ,2024

## आदेश

अपर पुलिस महानिदेशक, "स्थापना" उ0प्र0 के पत्र संख्याः दस–395/2022(अधियाचन) दिनांक 22.08.2024 द्वारा प्राप्त उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ के पत्र संख्याःपीआरपीबी–तीन–5(01)/2024 दिनांक 16.08.2024 के साथ संलग्न सूची में अंकित उत्तर प्रदेश प्रादेशिक आर्म्ड कान्स्टेबुलरी अधीनस्थ अधिकारी सेवा नियमावली, 2015 में निहित प्रावधानों के अन्तर्गत ज्येष्ठता के आधार पर अनुपयुक्तों को छोड़ते हुये मुख्य आरक्षी पीएसी के पद पर पदोन्नति हेतु चयन वर्ष 2024 की रिक्ति के सापेक्ष कुल 500 आरक्षी उपयुक्त पाये गये हैं। इनमें से माह अक्टूबर 2024 की 31 रिक्तियों के सापेक्ष तात्कालिक प्रभाव से निम्नलिखित आरक्षी पीएसी/सशस्त्र पुलिस/बिगुलर/डी0आर0 को उनकी वर्तमान नियुक्ति की वाहिनी/जनपद/इकाई में मुख्य आरक्षी पीएसी/सशस्त्र पुलिस के पद पर पदोन्नति प्रदान की जाती है:–

| क्र0 सं0 | वरिष्ठता क्रमांक | पीएनओ | कार्मिक का नाम | पिता का नाम | नियुक्ति स्थान | चयन वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 377 | 040470203 | पवन कुमार श्रीवास्तव | श्री जय प्रकाश लाल श्रीवास्तव | सुरक्षा विभाग | 2024 |
| 2 | 378 | 040470463 | अजीत कुमार यादव | श्री नरसिंह यादव | 36वीं वाराणसी | 2024 |
| 3 | 379 | 040470261 | सुधीर कुमार यादव | प्रेमराज सिंह यादव | 08वीं बरेली | 2024 |
| 4 | 380 | 040750183 | जुल्फकार अली | श्री मकसूद अली | 06 मेरठ | 2024 |
| 5 | 381 | 040580366 | अहिबरन सिंह | श्री मनोहर लाल | सम्भल | 2024 |
| 6 | 382 | 040580379 | सुरेन्द्र कुमार | श्री बलराम | बरेली | 2024 |
| 7 | 383 | 040440444 | राजेश यादव | गनेश सिंह | मीरजापुर | 2024 |
| 8 | 385 | 040440532 | विरेन्द्र प्रताप सिंह | श्री सुरेन्द्र पाल सिंह | बरेली | 2024 |
| 9 | 386 | 040440431 | प्रदीप कुमार | श्री मोहर सिंह | मुरादाबाद | 2024 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | 387 | 040440516 | प्रदीप कुमार | श्री हरी लाल | 02वीं सीतापुर | 2024 |
| 11 | 388 | 040480510 | मनोज कुमार सिंह | कुंवर पाल सिंह | लखनऊ कमिश्नरेट | 2024 |
| 12 | 390 | 040440460 | अरविन्द कुमार सिंह | श्री गोपाल सिंह | सुरक्षा विभाग | 2024 |
| 13 | 391 | 040440499 | बदरूल जमा | मोहम्मद नासिरूद्दीन | भदोही | 2024 |
| 14 | 392 | 040440529 | अरविन्द कुमार यादव | धर्मराज यादव | 32वी लखनऊ | 2024 |
| 15 | 393 | 040650832 | हरिकेश भारती | अभिराज | लखनऊ कमिश्नरेट | 2024 |
| 16 | 394 | 040650917 | सुरेन्द्र सिंह | लल्लू सिंह | लखनऊ कमिश्नरेट | 2024 |
| 17 | 395 | 040650656 | प्रमोद प्रभाकर टम्टा | सुरेश चन्द्र टम्टा | 35वीं लखनऊ | 2024 |
| 18 | 396 | 040650760 | विनोद कुमार | राम प्यारे | 35वीं लखनऊ | 2024 |
| 19 | 398 | 040750167 | गजेन्द्र सिंह | जगत सिंह | फिरोजाबाद | 2024 |
| 20 | 399 | 040770303 | भूप सिंह | श्री महावीर सिंह | पीटीएस मेरठ | 2024 |
| 21 | 400 | 040580412 | महेन्द्र प्रसाद | रामबचन मौर्य | लखनऊ कमिश्नरेट | 2024 |
| 22 | 401 | 040580425 | संजय कुमार चौहान | श्री अक्षय लाल चौहान | चन्दौली | 2024 |
| 23 | 402 | 040620103 | शेर सिंह | बजरंगी सिंह | 32वी लखनऊ | 2024 |
| 24 | 403 | 040490944 | विजय सिंह यादव | श्री दयाल सिंह | ललितपुर | 2024 |
| 25 | 405 | 040491152 | विनय कुमार सिंह | अम्बिका प्रसाद सिंह | लखनऊ कमिश्नरेट | 2024 |
| 26 | 406 | 040470027 | पंकज कुमार | मनोहर लाल | शाहजहाँपुर | 2024 |
| 27 | 407 | 040770273 | भानु प्रताप शर्मा | श्री बीरबल शर्मा | 44वीं मेरठ | 2024 |
| 28 | 408 | 040650829 | सुधीर कुमार | बाबू लाल | लखनऊ कमिश्नरेट | 2024 |
| 29 | 409 | 040570411 | राजेश कुमार | श्री रामनरायन | गोण्डा | 2024 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | 410 | 04051016 7 | सुदामा प्रसाद | रामअवध | 12वीं फतेहपुर | 2024 |
| 31 | 411 | 04059002 2 | सुनील कुमार | स्व0 राम विलास | झाँसी | 2024 |

2— उक्त आरक्षी पीएसी/सशस्त्र पुलिस अपने वर्तमान नियुक्ति स्थान वाहिनी/जनपद/इकाई में पदोन्नति पर कार्यभार ग्रहण करेगें। यदि किसी कर्मी के नियुक्ति का स्थान स्थानान्तरण के कारण परिवर्तित हो गया हो तो उक्त कर्मी को उसके वर्तमान नियुक्ति स्थान पर कार्यभार ग्रहण कराया जायेगा तथा इस मुख्यालय को सूचित किया जायेगा।

3— पदोन्नत मुख्य आरक्षियों को पदोन्नति की तिथि से 2 वर्ष के लिए परिवीक्षा पर रखा जायेगा, जिसे उत्तर प्रदेश प्रादेशिक आर्म्ड कान्स्टेबुलरी अधीनस्थ अधिकारी सेवा नियमावली, 2015 के अनुसार बढ़ाया जा सकता है। परिवीक्षा अवधि के दौरान परिवीक्षाधीन व्यक्ति से ऐसा प्रशिक्षण प्राप्त करने की अपेक्षा की जाएगी जैसा कि विभागाध्यक्ष द्वारा विहित किया जाय। प्रशिक्षण के सम्बन्ध में पृथक से अवगत कराया जायेगा ।

4— पदोन्नति पर कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व सम्बन्धित आरक्षियों से संलग्न प्रारूप (क) में स्वहस्ताक्षरित घोषणा—पत्र लेकर यह सुनिश्चित किया जायेगा कि शासनादेश संख्या: 13/21/89—का—1—1997 दिनांक:28.05.1997 के खण्ड—2 में दी गयी निम्नलिखित 03 परिस्थितियॉ विद्यमान न हों:—

(क) यदि कार्मिक निलम्बित चल रहा है,

(ख) यदि कार्मिक के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही या प्रशासनाधिकरण की कार्यवाही लम्बित है, जिसके लिये आरोप—पत्र जारी किया जा चुका है ।

(ग) यदि आपराधिक आरोप के आधार पर कार्मिक के विरूद्ध अभियोजन की कार्यवाही लम्बित है अर्थात न्यायालय में अभियोजन हेतु आरोप—पत्र प्रस्तुत किया जा चुका है ।

5— यदि स्वहस्ताक्षरित घोषणा—पत्र में अथवा अभिलेखों में प्रस्तर—4 में अंकित परिस्थितियॉ विद्यमान नहीं है तो सम्बन्धित आरक्षी पीएसी/सशस्त्र पुलिस को मुख्य आरक्षी पीएसी/सशस्त्र पुलिस के पद पर कार्यभार ग्रहण कराया जायेगा। यदि स्वहस्ताक्षरित घोषणा पत्र में अथवा अभिलेखों में प्रस्तर—4 में अंकित परिस्थितियॉ विद्यमान पायी जाती है तो सम्बन्धित कर्मी के पदोन्नति के आदेश का क्रियान्वयन न कराया जाये तथा सम्पूर्ण तथ्यों सहित आख्या पीएसी मुख्यालय को उपलब्ध कराते हुये निर्देश प्राप्त किया जायेगा ।

6— यदि सम्बन्धित आरक्षी पीएसी/सशस्त्र पुलिस द्वारा स्वहस्ताक्षरित घोषणा पत्र में अंकित कोई तथ्य असत्य अथवा छिपाया हुआ पाया जाता है तो सम्बन्धित आरक्षी के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कराये जाने की कार्यवाही उस वाहिनी/जनपद/इकाई द्वारा की जायेगी, जिस वाहिनी/जनपद/इकाई में सम्बन्धित आरक्षी द्वारा स्वहस्ताक्षरित घोषणा—पत्र प्रस्तुत किया गया है। साथ ही प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रति सहित सम्बन्धित कर्मी को पदावनत किये जाने के सम्बन्ध में कार्यवाही हेतु सम्पूर्ण तथ्य/अभिलेख पीएसी मुख्यालय को उपलब्ध कराया जायेगा।

संलग्नक:घोषणा—पत्र

30/10

( आशुतोष कुमार )
पुलिस महानिरीक्षक, पीएसी,
उ0प्र0 लखनऊ।

**प्रतिलिपि** निम्नलिखित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1— पुलिस आयुक्त लखनऊ/गौतमबुद्धनगर/कानपुर/वाराणसी/आगरा/गाजियाबाद/प्रयागराज ।

2— समस्त सेनानायक, पीएसी वाहिनी, उत्तर प्रदेश लखनऊ ।

3— समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक उत्तर प्रदेश ।

4— वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एस0टी0एफ0 उ0प्र0 लखनऊ ।

5— पुलिस अधीक्षक, ए0टी0एस0 उ0प्र0 लखनऊ ।

6— पुलिस अधीक्षक, (प्रशिक्षण एवं सुरक्षा) सुरक्षा विभाग उ0प्र0 लखनऊ ।

7— सेनानायक, एस0डी0आर0एफ0 उ0प्र0 लखनऊ ।

8— पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निवारण संगठन उ0प्र0 लखनऊ ।

9— पुलिस अधीक्षक, सतर्कता अधिष्ठान उ0प्र0 लखनऊ ।

10— पुलिस अधीक्षक, डा0 भीमराव अम्बेडकर अकादमी मुरादाबाद ।

11— पुलिस अधीक्षक, पी0टी0सी0 सीतापुर ।

12— पुलिस अधीक्षक, तकनीकी सेवायें, उ0प्र0 लखनऊ ।

13— पुलिस अधीक्षक, पी0टी0एस0 गोरखपुर ।

**प्रतिलिपि** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1— समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष पुलिस विभाग उत्तर प्रदेश ।

2— अपर पुलिस महानिदेशक, ''स्थापना'' उत्तर प्रदेश ।

3— समस्त अपर पुलिस महानिदेशक जोन उत्तर प्रदेश ।

4— समस्त पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक, परिक्षेत्र उ0प्र0 लखनऊ ।

5— समस्त पुलिस महानिरीक्षक, पीएसी जोन उत्तर प्रदेश ।

6— समस्त पुलिस उप महानिरीक्षक, पीएसी अनुभाग उत्तर प्रदेश ।

प्रारूप– "क"

## स्वघोषणा–पत्र

मैं.............................................................................................(नाम/पदनाम व पीएनओ) ........ ............................ पुत्र........................................................................निवासी ........................ थाना.................... जनपद.............. ............................वर्तमान में ( जनपद/इकाई का नाम)..... ...... .............................................. नियुक्त हूँ तथा प्रशिक्षण सत्र .......................... का आरक्षी हूँ।

मै प्रमाणित करता हूँ कि:–

(क) "मेरे विरूद्ध उ0प्र0 अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की (दण्ड एवं अपील) नियमावली, 1991 के नियम–14(1) के अन्तर्गत कोई विभागीय कार्यवाही लम्बित अथवा प्रचलित नहीं है तथा कोई आपराधिक अभियोग मा0 न्यायालय में विचाराधीन नहीं है और न ही वर्तमान में निलम्बित हूँ ।"

2– उपरोक्त घोषणा में यदि मेरे द्वारा कोई तथ्य असत्य अथवा छिपाया पाया जाता है तो मेरी पदोन्नति निरस्त कर मुझे मूल पद पर पदावनत करते हुये मेरे विरूद्ध स्थापित विधि व्यवस्था के अन्तर्गत नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाय, जिस पर मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी ।

3– यह घोषणा–पत्र मेरे द्वारा पूर्ण रूप से होशहवास में बिना किसी दवाव के दिया जा रहा है, जिसका मेरे द्वारा पूर्ण रूपेण पालन किया जायेगा ।

हस्ताक्षर
( नाम/पदनाम/पीएनओ सहित)
नियुक्ति स्थान/दिनांक

यदि सम्बन्धित आरक्षी के विरूद्ध उ0प्र0 अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियो/कर्मचारियों की (दण्ड एवं अपील) नियमावली'1991 के नियम–14(1) के अन्तर्गत कोई विभागीय कार्यवाही लम्बित अथवा प्रचलित है अथवा कोई आपराधिक अभियोग मा0 न्यायालय में विचाराधीन है अथवा निलम्बित है तो उसका पूर्ण विवरण उसके द्वारा नीचे अंकित किया जायेगाः–

(1) वर्तमान में निलम्बित है तो उसका निलम्बन आदेश/दिनांक तथा कारण ..........................

(2) मेरे विरूद्ध उ0प्र0 अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की ( दण्ड एवं अपील) नियमावली, 1991 के नियम–14(1) के अन्तर्गत जनपद/इकाई .................... में कार्यवाही लम्बित है, जिसमें दिनांक ............................. को आरोप–पत्र दिया गया है ।

(3) मेरे विरूद्ध मु0अ0सं0................................धारा......................थाना........................ जनपद...... ............................ में लम्बित है, जिसमें दिनांक ...................... को स्थानीय पुलिस अथवा जॉच एजेन्सी ............................ द्वारा आरोप–पत्र मा0 न्यायालय में प्रेषित किया गया है तथा अभियोग वर्तमान में ................................ स्तर पर चल रहा है ।

**प्रमाणित**
**जनपद/इकाई के प्रभारी**
**नाम/पदनाम की मुहर**

नोटः– स्वघोषणा–पत्र में अंकित जो प्रस्तर अथवा उप प्रस्तर लागू न हो उसे स्पष्ट रूप से काट (X) दिया जाये ।